विजेता व उपविजेता टीमों को किया पुरस्कृत

निष्पक्ष प्रतिदिन|बीकेटी, लखनऊ

बीकेटी स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में तीन नवंबर से चल रहे वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को विजेता एवं उपविजेता टीमों के पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. फिदा हुसैन अंसारी ब महामंत्री बैजनाथ रावत के साथ निदेशक प्रो. योगेश शर्मा व प्राचार्य प्रो. गजेंद्र सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरणकेसमयखिलाड़ियोंकाउत्साह वर्धन करने के लिए महाविद्यालय के पादप रोग विज्ञान विभाग के सह -आचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह, सतीश चंद्र पांडे, डॉ हृदय नारायण तिवारी, दुर्गेश कुमार सिंह, डॉ रवी शंकर वर्मा, श्रीमती प्रतिमा सिंह, धनेंद्र कुमार सिंह, आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ सुधाकर सिंह, डॉ धर्मेश कुमार सिंह, डॉ केडी सिंह, डॉ रजनी शुक्ला, डॉ अनिल वर्मा, डॉ विवेक वर्मा, डॉ हरीश यादव सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। बता दें कि पिछले चार दिनों से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इन खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, कबड्डी, फुटबाल, दौड़, ऊंची कूद, भाला फेंक, गोला फेंक, खो खो, रंगोली प्रतियोगिता व वाद विवाद प्रतियोगिता शामिल थी जिसमे छात्रों के साथ साथ छात्राओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने इस मौके पर खिलाड़ियों व आयोजन समिति से जुड़े शिक्षकों व विद्यार्थियों की जम कर प्रसंशा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह को याद करते अध्यक्ष ने बताया कि बाबूजी को खेल से बहुत प्रेम था।